06 बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर चक्काजाम



07 खतरे से सावधान: खांसी को हल्के में न लें समय पर...




सपना हुआ साकार... अब हर घर में खुशियां ले रही हैं आकार...





प्रदेश के मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव जी

के हरदा आगमन पर हार्दिक

स्वागत... वंदन... अभिनंदन...

हरदा जिले में विकास की गंगा बहाने पर हृदय से धन्यवाद


## जो कहा वो किया, धन्यवाद कमल जी पटेल

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री हम सबके लाडले किसान नेता माननीय कमल पटेल जी के भागीरथी प्रयासों से हरदा जिले को विकसित करने का सपना हुआ साकार..

## हरदा जिला 100% सिंचित, 72 सड़कें और 22 पुल-पुलियाओं का निर्माण हुआ



प्रधानमंत्री मंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना हरदा जिले में पूर्व कृषि मंत्री व किसान नेता कमल पटेल ने किया साकार। आत्मनिर्भर बनाने और किसानों की आय दोगुनी हुई। श्री पटेल ने कहा कि विकास दो प्रकार का होता है। एक व्यक्तिगत विकास और दूसरा आधारभूत विकास शामिल है। व्यक्तिगत विकास में रोटी, कपड़ा और मकान आता है। इसमें गरीब, गांव और किसानों के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। पीएम आवास दिए गए। हरदा शहर में ही 7 हजार से अधिक गरीबों को पीएम आवास का लाभ दिया गया। हरदा जिला स्वामित्व योजना में मालिकाना हक देने वाला देश का पहला जिला बना है।

**आरबीसी 6-4 में कराया परिवर्तन, इल्ली प्रकोप को प्राकृतिक अपदा घोषित कराया :**
किसान नेता श्री कमल पटेल ने तत्कालीन सीएम श्री बाबूलाल गौर के दौरे के दौरान बालागांव में इल्ली प्रकोप का प्राकृतिक आपदा घोषित कराया। आरबीसी 6/4 में परिवर्तन किया। इसका लाभ किसानों को मिला। कांग्रेस के शासन में अधिकतम किसानों को 5 करोड़ रुपए का लाभ मिलता था। पूर्व मंत्री पटेल ने मूंग फसल के लिए कोरोना के दौरान नहर से पानी खुद छोड़ा। इसमें तीसरी फसल से किसान आर्थिक रूप से सक्षम बना। जिले के किसानों की आय दोगुना हुई। पीएम श्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुना करने के सपने को साकार किया।

**हरदा 100 प्रतिशत सिंचित होने वाला देश का पहला जिला :**
पूर्व मंत्री कमल पटेल ने हरदा जिले को 100 प्रतिशत सिचिंत करने का सपना देखा। उनके प्रयासों से करीब 3571 करोड़ रुपए की मोरंड-गंजाल परियोजना मंजूर हुई। इसमें हरदा जिले के 152 गांवों की करीब 41 हजार हेक्टेयर जमीन में सिंचाई होगी। इसी तरह करीब 900 करोड़ रुपए की शहीद इलाप सिंह परियोजना से जिला 100 प्रतिशत सिंचित हुआ। इस परियोजना से 40 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। तवा परियोजना के टेल क्षेत्र के गांवों को आउट कमांड घोषित कराकर शहीद इलाप सिंह परियोजना में जोड़ा जा रहा है। इसके पहले तवा परियोजना से जिले में 1 लाख 5 हजार हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है। इमलीढाना जलायश, आमाखाल और जामन्या जलाशय से निकली नहर से आदिवासी किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुए हैं। खिरकिया नहर, माचक नहर भी पूर्व मंत्री श्री पटेल ने स्वीकृत कराई। जिले की नहरों की लाइनिंग के अलावा मुहाल माइनर का काम शुरु हो गया है। इसी सीजन से मुहाल माइनर से भी सिंचाई होगी।

**फोरलेन बायपास बना, हरदा से आशापुर स्टेट हाइवे मंजूर, लोगों को होगी सुविधा, व्यापार बढ़ेगा :**
श्री कमल पटेल के प्रयासों से हरदा जिला बना। इसी के बाद से चहुंमुखी विकास की रफ्तार तेज हुई। इंदौर-बैतूल नेशनल हाइवे का करीब 3900 करोड़ रुपए से निर्माण कराया गया। इसमें हरदा से टेमागांव का निर्माण हो चुका है। पिड़गांव से ननासा तक का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके बाद भुआणा के लोगों को महाराष्ट्र और इंदौर से आवागमन सुलभ होगा। इससे व्यापार बढ़ेगा। कृषि मंत्री रहते हुए श्री पटेल ने मंडी निधि से 22 पुल-पुलियाओं का निर्माण कराया। करीब 72 सड़कों का निर्माण हुआ। आजादी के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सड़कों, पुल-पुलियाएं बनीं। इसी वजह से अब इंदौर की ओर जाने वाले लोगों को बारिश के दिनों में बाढ़ का सामना नहीं करना पड़ता। गांवों में पक्की सड़कों की चौकड़ी बन चुकी है। हाल ही में आए सीएम डॉ. मोहन यादव ने किसान नेता श्री पटेल की मांग पर हरदा से आशापुर तक करीब 357 करोड़ रुपए की लागत से 70 किमी टू-लेन रोड निर्माण की घोषणा की। इसमें 26 पुल-पुलियाएं भी शामिल है। हरदा और सीहोर जिले को जोड़ने वाला छीपानेर का नर्मदा ब्रिज का करीब 39 करोड़ रुपए से निर्माण कराया। पूर्व कृषि मंत्री श्री कमल पटेल की मांग पर तत्कालीन सीएम और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने की थी घोषणा। पूर्व कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने इसे राम-लक्ष्मण सेतु का नाम दिया था।

**पेयजल में बुरहानपुर के बाद देश का दूसरा जिला बना हरदा :**
पूर्व कृषि मंडी व किसान नेता पटेल ने बताया कि उनके गृहग्राम रातातलाई में पानी की समस्या थी। महिलाएं गांव से करीब 4 किमी दूर से पानी लेकर आती थी। इसी समस्या के समाधान को लेकर वे राजनीति में आए। अब बुरहानपुर के बाद हरदा देश का दूसरा जिला है, इसमें नलजल योजनाओं का काम पूरा हुआ है। जलजीवन मिशन में करीब 300 करोड़ रुपए से 388 गांवों में काम पूरा हो चुका है। अब महिलाओं के घर के सामने नल का पानी पहुंच रहा है। भाजपा सरकार ने रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार के बाद अब पानी की भी सुविधा ग्रामीणों को दी है। हरदा शहर के लिए करीब 42 करोड़ रुपए की अमृत-2 योजना का काम शुरु हो चुका है। इसमें शहर के लोगों को भरपूर पानी मिलेगा।

**200 करोड़ रुपए से हुआ बिजली व्यवस्था में सुधार :**
किसान नेता श्री कमल पटेल ने कहा कि कांग्रेस के शासन में 2 घंटे बिजली मिलती थी। अब किसानों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। 200 करोड़ रुपए से रीवेम्ड, रिफार्म बेस्ट रिजल्ट लिंक्ड पावर डिस्ट्रीब्यूशन (आरआरआरडीएस) से एक दर्जन नए सब स्टेशन बनाए। इसके साथ ही 54 नए फीडर बनाए गए। इससे लाइन लॉस कम हुआ है। गांव में किसानों और घरों की बिजली अलग-अलग की गई। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है।

**अजनाल नदी का होगा सौंदर्यीकरण, चौपाटी विकिसत करेंगे :**
शहर की अजनाल नदी के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 2.50 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। आगामी एक माह में पिचिंग गहरी करण का कार्य होगा। इसके बाद करीब 1 किमी तक नदी तट पर पौध रोपण किया जाएगा। हाई मास्ट लैंप लगेंगे, चौपाटी विकसित की जाएगी। अजनाल के गहरीकरण के बाद बाढ़ की समस्या भी काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। इसी तरह -अजनाल नदी पर गुप्तेश्वर मंदिर जाने के लिए बना पुल जर्जर हो चुका था। अब मंडी निधि से 4.16 करोड़ रुपए से नया ब्रिज बन रहा है। इससे गुप्तेश्वर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा मगरधा की ओर जाने वाले गांवों के ग्रामीणें को आवागमन में सुविधा होगी। अजनाल की बाढ़ में भी रास्ता नहीं रुकेगा। शहर के एबीएम ग्राउंड पर करीब 15 करोड़ रुपए से दो एकड़ में इंदौर स्टेडियम बनेगा। इसमें खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण मिलेगा।

**कृषि उपज मंडी हुई हाईटेक :**
पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने करीब 38 करोड़ रुपए से शहर की कृषि उपज मंडी सर्वसुविधा युक्त बनाई। हाईटेक मंडी में किसानों के लिए सर्वसुविधायुक्त विश्रामगृह, बैठक हाल का निर्माण कराया गया है। अब सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम का निर्माण चल रहा है। अगले साल तक इसका निर्माण हो जाएगा। मंडी में ऑनलाइन फसल बेचने की भी सुविधा किसानों को दी गई है।

**32 करोड़ से स्टेशन का हो रहा विकास, आरओबी का चल रहा निर्माण :**
पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के मुताबिक भाजपा सरकार के कार्यकाल में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना में भाजपा सरकार ने 32 करोड़ रुपए से हरदा रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया है। इससे यात्रियों को सुविधा होगी। इसके अलावा हरदा में करीब 65 करोड़, कमताड़ा, भिरंगी और खिरकिया में 38-38 करोड़ रुपए से आरओबी का निर्माण कराया जा रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में सिर्फ समस्या होती है। उसके निराकरण के लिए नेता आश्वासन देते थे।

**पूर्व कृषि मंत्री पटेल का कहना है कि हमने जो कहा, वो किया...**

## खबर संक्षेप

### बैतूल के युवक का नर्मदापुरम में मिला शव

**बैतूल।** नर्मदापुरम के आदमगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह 8 बजे एक मकान के आंगन में बैतूल निवासी 33 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद पुलिस ने आधार कार्ड से उसकी पहचान कर मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह 8 बजे मकान मालिक बद्री प्रसाद शुक्ला सोकर उठने के बाद अपने घर के पीछे के आंगन में पहुंचे। वहां उन्होंने एक अनजान युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा और घबराकर तुरंत पुलिस व पड़ोसियों को सूचना दी। जिस मकान परिसर में युवक का शव मिला है, उस मकान मालिक से मृतक की कोई जान-पहचान नहीं है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना से एसआई विशाल नागवे और प्रधान आरक्षक चेतन मालवीय पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान 33 वर्षीय हीराचंद पिता रामलाल जावरकर के रूप में की है। मृतक हीराचंद मूल रूप से गोरेगांव, तहसील आमला, जिला बैतूल का रहने वाला था। आधार कार्ड से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की सूचना दे दी है।

### एक तरफा प्यार से आहत युवक ने खुद को मारा चाकू

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में एकतरफा प्यार में आहत होकर एक युवक ने खुद को चाकू मार लिया। गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, घोड़ाडोंगरी निवासी 26 वर्षीय राकेश कुमार एक होटल में काम करता है। मंगलवार सुबह उसने अपने पेट पर चाकू से दो वार किए। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह मानसिक तनाव में था। परिजनों ने गंभीर हालत में राकेश को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की स्थिति नाजुक बनी रही। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए भोपाल रेफर कर दिया। फिलहाल उसका इलाज भोपाल में जारी है। घायल युवक ने बताया कि वह एक युवती से प्रेम करता था। युवती ने पहले उसके प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार किया था, लेकिन बाद में इनकार कर दिया। इसी बात से आहत होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सुरभि की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आज

**बैतूल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री, स्व. सुश्री सुरभि खंडेलवाल का देवलोकगमन बुधवार, 11 मार्च को हो गया था। उनकी भावभीनी स्मृति में सामूहिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज, बुधवार 18 मार्च को दोपहर 2 बजे से विजय सेवा न्यास के सामने, न्यू बैतूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल में किया गया है। श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारीगण, सामाजिक बंधुगण, कार्यकर्तागण, गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित होकर स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।

### विस अध्यक्ष ने सुरभि को दी श्रद्धांजलि

**बैतूल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मंगलवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की दिवंगत पुत्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने चंद्रमौली स्थित खंडेलवाल निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। श्री तोमर ने हेमंत खंडेलवाल से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है।

नीमढाना के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, पानी और सड़क की मांग पर अड़े

# बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर चक्काजाम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर भैंसदेही विकासखंड की विजयग्राम पंचायत के नीमढाना गांव के ग्रामीणों ने पेयजल और सडक निर्माण की मांग को लेकर आज मंगलवार की दोपहर को चक्काजाम कर दिया, जिससे वँहा वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नीमढाना गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है और दैनिक जरूरतों के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के अलावा गांव की सडकें भी बेहद खराब हालत में हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इन समस्याओं को लेकर कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर शिकायते भी की, लेकिन अब तक उन्हें पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि पंचायत कार्यालय में अक्सर ताला लगा मिलता है और शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसी नाराजगी के चलते कुछ दिन पहले ग्रामीण ट्रैक्टरों में भरकर झल्लार थाने पहुंचे थे और थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा था। थाने में दिए गए इसी आवेदन के द्वारा ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर 17 मार्च को चक्काजाम करने की अनुमति माँगी थी।

#### एक बोरवेल करवाया, लेकिन स्थायी समाधान की मांग

चेतावनी के बाद प्रशासन ने गांव में एक बोरवेल करवाया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह पर्याप्त नहीं है और पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। साथ ही ग्रामीण सीसी रोड केनिर्माण की मांग पर भी अड़े हुए हैं और मंगलवार को उन्होंने बड़ी संख्या में विजयग्राम बस स्टैंड पर इकट्ठा होकर हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्पष्ट किया कि जब तक पानी और सड़क का स्थायी समाधान नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

#### वाहनों की लगी लंबी कतारें

ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किए जाने के कारण सडक पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। सडक पर दोनों ओर यात्री वाहन, लगेज वाहन, ट्रक आदि लम्बे समय तक फंसे रहे। चक्काजाम के चलते भरी दोपहरी में वाहन चालकों को घंटो तक चक्काजाम खुलने का लम्बा इंतजार करना पड़ा। कई वाहन चालक और यात्री, वाहनों में बैठे-बैठे गर्मी से परेशान होते हुए भी देखे गये। हालांकि चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था और ग्रामीणों को समझाईश देकर चक्काजाम खुलवाने का प्रयास किया। अधिकारियों के उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के काफी देर बाद ही ग्रामीणों ने हाइवे पर चक्काजाम समाप्त किया।

#### जल्द करेंगे समाधान

ग्रामीणों ने पानी, सड़क की मांग को लेकर चक्कजाम किया था। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बताय कि पानी की समस्या के समाधान के लिए बोर कराया गया है। जल्द ही मोटर डाली जायेगी। इसके अलावा जिस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, वह भी प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत हो चुकी है। ग्रामीणों ने चर्चा के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया।

- **भगवानदास कुमरे,** तहसीलदार, भैंसदेही

बैतूल में दूषित पानी से फिर हुए आदिवासी बच्चे बीमार, 2 आदिवासी बच्चों की पहले हो चुकी मौत

# बैतूल के दानवाखेड़ा में इंदौर दूषित पानी कांड जैसे हालात!

**बैतूल।** जिले के आदिवासी विकासखंड घोड़ाडोंगरी की ग्राम पंचायत रामपुर के गाँव दानवाखेड़ा में दूषित पानी की समस्या हल नहीं हो पा रही है, फिर से इस गांव के आदिवासी बच्चे खुजली से पीड़ति होने लगे हैं। जबकि इसके पूर्व में दो बच्चों की मौत दूषित पानी के सेवन से हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने प्रशासन से साफ पानी की व्यवस्था करने की मांग की थी। दरअसल ग्रामीणों का एक दल गत 20 जनवरी को श्रमिक आदिवासी संगठन एवं समाजवादी जन परिषद के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था। इसमें ग्रामीणों ने बताया था कि दूषित पानी के कारण 2 माह से गांव के लोग खुजली के प्रकोप से जूझ रहा थे। इस पर प्रशासन ने साफ पानी की व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया था। श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेन्द्र गढ़वाल ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन के बावजूद भी यहां अभी तक हैण्ड पंप भी नहीं लग पाया है। 20 जनवरी से अब तक प्रशासन वन विभाग से अनुमति लेने की बात कर टाल मटोली कर रहा है। सजप के अनुराग मोदी ने बताया कि दानवाखेड़ा गांव की मीना बाई, रीना बाई, सतीश



पिता मंगल धुवे, माता कस्तूरिया बाई गंभीर रूप से पीड़ति है। यहां दूषित पानी के चलते आने वाले महीनों में भयंकर बीमारी फैल सकती है। यहां उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे को दिसम्बर माह की शुरूवात में ही प्रशासन की जानकरी में लाया गया था। इसके बाद अधिकारीयों ने गाँव का दौरा किया और साफ पानी की व्यवस्था करने के लिए गाँव में हैण्ड पंप खोदने का ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया था। इस दौरान अधिकारीयों ने ग्रामीणों से खुदाई हेतु ट्रक पहुँच मार्ग श्रमदान से तैयार करने के लिए कहा। उसके बाद ग्रामीणों व्दारा सड़क का निर्माण कार्य पूरा किए हुए 1 माह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक हैण्डपंप खुदाई का कार्य शुरू होने के कोई भी आसार नजर नहीं आ रहे हैं, जबकि बीमारी का प्रकोप अभी भी जारी है। यह गांव शासन की सभी मूलभूत सुविधाओं से अछूता है, ना आंगनवाडी है, ना सड़क है, ना बिजली, ना पानी, न स्कूल, ना नर्स का दौरायहां होता है। दूषित पानी के चलते विगत 2 माह से यह गाँव खुजली के प्रकोप से पीड़ति है, इसमें 2 नन्हे-मुन्ने बच्चों की मौत भी हो गई। बच्चों को खुजली के प्रकोप ने जकड़ लिया है।

### वार्षिक बजट का पीआईसी ने किया अनुमोदन

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारणी में मंगलवार 17 मार्च 2026 को प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय ऐजेंडे अनुसार विभिन्न 47 बिंदुओं पर चर्चा की गई। पीआईसी ने सभी पर सहमति व्यक्त की। पीआईसी सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक आय-व्यय (बजट) का अनुमोदन किया। अब इसे स्वीकृति हेतु परिषद की बैठक में रखा जाएगा। प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक अध्यक्ष कक्ष में दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, सभापतिगण दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, भावना बड़ू माकोडे, बेबी ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के मेश्राम उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदा दरों को मंजूरी दी गई। इसके अलावा वार्ड 1, 2, 4 एवं 12 में विभिन्न स्थानों पर विद्युत विहीन गलियों में स्ट्रीट लाइटों के लिए पोल स्थापना कार्य को स्वीकृत किया गया। वार्ड 1, 2, 20, 29 में नाली निर्माण, वार्ड 16 में तीन स्थानो पर सांस्कृतिक मंच, वार्ड 26 एवं 36 में पार्क की बाउंड्रीवाल, वार्ड 27 मे सड़क रिन्यूअल कोट, मठारदेव मंदिर परिसर में निर्मित विश्राम भवन की आंतरिक सज्जा कार्य को स्वीकृति दी गई। दीनदयाल रसोई हेतु नई दरें आमंत्रित करने पर भी विचार विमर्श हुआ। स्वच्छ भारत मिशन 20 वर्ष 2026 टूल किट अनुसार सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य करने पर निर्णय हुआ। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए चिन्हित स्थानों पर प्याउ लगाने के कार्य को मंजूरी दी गई। नगर पालिका विद्युत डेट स्टाक की नीलामी भी करेगी। बैठक में सभी शाखा प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय जाति में नाम जोड़ने की मांग

## कुड़मी समाज ने श्री रामकृष्ण कुसमरिया का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

मध्यप्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमारिया के बैतूल प्रवास के दौरान भोपाल वापस लौटने पर कुड़मी समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं सामाजिक गणमान्यों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। कुड़मी समाज के प्रतिनिधियों ने अध्यक्ष से कुड़मी समाज को केंद्रीय जाति की सूची में सम्मिलित कराने और पिछड़ा वर्ग छात्रावास खोलने का आग्रह किया। जिससे समाज के विकास में मदद मिल सके। इसके अलावा, मई माह में होने वाले महामृत्युंजय यज्ञ में सम्मिलित होने का आग्रह भी किया गया। श्री कुसमारिया ने कहा कि वे कुड़मी समाज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज के लोग आगे बढ़ें और अपने अधिकारों के लिए लड़ें, सरकार उनके साथ है। इस अवसर पर राधेलाल घनकारे, रामावतार वर्मा, दुर्गा वर्मा लक्ष्मीकांत ठेकेदार, कन्हैयालाल वर्मा, उत्तम वर्मा, रामाधार वर्मा, रामावतार वर्मा सोहागपुरढाना, नवील वर्मा, रमाकांत वर्मा, त्रिभुवन वर्मा शिक्षक फूलचंद वर्मा नवीन वर्मा कई गणमान्य समाजिक बंधूगण उपस्थित रहे।

जिपं सीईओ ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोताही नहीं बरतें अधिकारी: सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम दुनावा निवासी अमिता सूर्यवंशी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम दुनावा में मुलताई रोड पर उनका नीजी ढाबा है, जिसका किरायानामा समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद सुजीत सूर्यवंशी द्वारा अब तक ढाबा खाली नहीं किया गया है। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने मुलताई एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गौला निवासी योगीता धुर्वे ने किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन दिया, जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने मुलताई तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

#### अभिलेख दुरुस्ती के दिए निर्देश

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम बोरगांव निवासी लक्ष्मण राव नावंगे रिकार्ड रूम से नकल निकलवाए जाने की गुहार लगाई। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने भैंसदेही तहसीलदार और पटवारी को नकल की कॉपी आवेदक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम सोहागपुर निवासी राहुल पांडे द्वारा अभिलेख दुरुस्ती के आवेदन पर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम रमली निवासी भीमराव ने तहसीलदार द्वारा आदेश की प्रति की सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध नहीं कराए जाने की शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने आमला एसडीएम को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

#### अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम शेरगढ़ निवासी सद्दू सूर्यवंशी ने सीमांकन करने के लिए आवेदन दिया, जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।



### गौ सम्मान को लेकर की बैठक संपन्न

**शाहपुर।** गौ सेवकों के द्वारा नगर परिषद शाहपुर के प्रांगण में गौ सम्मान को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें गौ सेवकों द्वारा बताया गया कि 27 अप्रैल को गौ सम्मान आह्वान का प्रार्थना पत्र नगर के नागरिकों के द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम तहसील कार्यालय शाहपुर में दिया जायेगा। उसके साथ ही गौ सम्मान आह्वान के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। बैतूल से पहुंचे गौ सेवक गिरीश खंडेलवाल ने बताया कि गौ माता हमारी माता है। हम गौ माता की पूजा करते हैं। हमारा कृषि प्रधान देश गौ माता के सहयोग से स्वस्थ जीवन को प्रदान करता है। नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर रोहित विक्की नायक द्वारा बैतूल से पहुंचे गौ सेवकों की बातों को ध्यान से समझा और सहयोग प्रदान करने की बात कही। शाहपुर के गौ सेवक नवयुवक आकाश अशोक साहू द्वारा गौ सेवा करने की बात कही गई। साथ ही 27 अप्रैल को गौ सम्मान आह्वान के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।

### जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम 19 मार्च को

**बैतूल।** विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत 19 मार्च को जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं युवा सहभागिता करेंगे। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम को लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका को जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस विभाग को यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा सभी विभागों को जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम में सहभागिता करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक की विभिन्न मांगों पर मध्य रेल नागपुर मंडल ने दिया प्रत्युत्तर

# विकास कार्यों को लेकर विधायक के प्रयासों के दिखने लगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला-सारणी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आमला जंक्शन समेत विभिन्न स्टेशनों पर रेल सुविधाओं के विस्तार एवं संस्थागत अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु किए गए प्रयासों के परिणाम अब धरातल पर दिखने लगे हैं। पिछले निरीक्षण संबंधी प्रवास पर आए मध्य रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक (नागपुर मंडल) विनायक गर्ग एवं अन्य उच्च अधिकारियों के समक्ष विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे द्वारा प्रस्तुत विभिन्न लिखित मांगों के संदर्भ में मध्य रेल, नागपुर मंडल द्वारा लिखित प्रत्युत्तर प्रेषित किया गया है।

बढ़ाई चाल को मुख्य नगर से जोडऩे हेतु आमला जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज की मांग के संबंध में पत्र के माध्यम से बताया गया कि आमला जंक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत 12 मीटर चौड़े नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसका एक स्पैन बढ़ाई चाल की ओर जोड़ा जाना





प्रस्तावित है, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। विधायक डॉ. पंडाग्रे की दूसरी मांग के संबंध में रेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि जम्बड़ा स्टेशन पर प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया में है।

#### निर्माण कार्यों से यात्रा सुविधाओं का होगा विस्तार

बढ़ाई चाल की ओर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण से बढ़ाई चाल एवं बल्ला चाल के रहवासी बिना किसी असुविधा के नगर के अन्य हिस्सों से जुड़ सकेंगे तथा छोटे-छोटे कार्यों के लिए अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वहीं ग्राम रमली, नान्दपुर, देवठन सहित अन्य ग्रामों के रेल यात्री बिना ट्रैक पार किए सुरक्षित रूप से रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। जम्बड़ा स्टेशन पर प्लेटफार्म की ऊंचाई बढऩे से यात्रियों को अधिक सुविधाजनक एवं सुरक्षित रेल यात्रा उपलब्ध होगी, जिससे जम्बड़ा, जम्बड़ी, सोनतलाई, नरेरा सहित अनेक ग्रामों के यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के प्रयासों से आमला जंक्शन पर बढ़ाई चाल की ओर फुट ओवर ब्रिज के विस्तार एवं जम्बड़ा स्टेशन के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने संबंधी सहमति मिलने पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख के नेतृत्व में गुणवंत सिंह चड्डा, शिवपाल उबनारे, गोपेन्द्र सिंह,प्रदीप राजपूत, सुखदेव ठाकरे, मनोज कश्यप, अनिल यादव, शंकर गढ़ेकर, जोगेंद्र सिंह ठाकुर, नामु बारस्कर, आशीष सोनी एवं श्रीराम ठाकरे ने आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित जनप्रतिनिधि बैठक में मध्य रेल के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता एवं अन्य उच्च अधिकारियों के समक्ष विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के द्वारा रामकिशोर देशमुख, गणेश यादव, प्रदीप ठाकुर, गोपेन्द्र सिंह बघेल, मनोज विश्वकर्मा के प्रतिनिधि मंडल के साथ आमला जंक्शन पर स्वर्णजयंती एक्सप्रेस एवं समता एक्सप्रेस के ठहराव, नागपुर-भुसावल दादाजी धाम एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने, काचीगुड़ा-नरखेड़ इंटरसिटी एक्सप्रेस को आमला जंक्शन तक विस्तारित करने की मांग, आमला में रिक्त भूमि पर प्रस्तावित डिपो, अन्य रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन, आमला जंक्शन पर पैसेंजर कोच वाटरिंग सुविधा, गतिशक्ति परियोजना अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन से संबंधित कार्यों में गुणवत्ता एवं गति लाने, फुट ओवर ब्रिज को बढ़ाई चाल की ओर विस्तारित करने, बल्लाचल में शेष सडक़ निर्माण, जम्बड़ा स्टेशन पर प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने तथा बोरदेही स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने का आग्रह भी किया गया था।

# मढ़ई के आसपास बने पांच रिसोर्ट्र्स पर 34.5 लाख रुपए से अधिक का टैक्स बकाया

## सोहागपुर जपं की ग्राम पंचायत टेकापार ने जारी किए रिसोर्ट प्रबंधनों के नाम नोटिस, जिम्मेदारों की अनदेखी से लग रहा चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के एंट्री पॉइंट ग्राम सारंगपुर के निजी रिजॉर्ट्स संचालित होते हैं। इन रिसोर्ट्स से सोहागपुर जपं की ग्राम पंचायत टेकापार द्वारा संपत्ति कर की वसूली की जाती है। लेकिन पांच रिसोर्ट्स द्वारा लगभग 34.5 लाख रुपए का संपत्ति कर नहीं चुकाया गया है। जिसके चलते ग्रापं टेकापार ने पांचों रिसोर्ट्स प्रबंधनों को नोटिस जारी किए गए हैं। ग्राम पंचायत टेकापार सरपंच एवं सचिव द्वारा जारी इन नोटिसों में उल्लेख है कि मध्य प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 क्रमांक 01 सन 1994 की धारा 78-1 के अंतर्गत मध्य प्रदेश पंचायत करों के अधिरोपण, संग्रहण तथा विनिमय नियम 1995 में पंचायत में स्थित संपत्ति के करों के अधिरोपण की शक्तियां ग्राम पंचायत को प्राप्त हैं। उक्त निर्देशों के परिपेक्ष्य में ग्राम पंचायत टेकापार द्वारा संबंधित रिसोर्ट्स की व्यावसायिक संपत्ति का कर निर्धारण किया गया है। जिसके अनुसार सभी रिसोर्ट्स के कुल क्षेत्रफल एवं निर्माण क्षेत्रफल में संपत्ति के कर का भुगतान किया जाना है।

बताया जाता है कि 2020-21 सत्र से 2025-26 सत्र तक का संपत्ति कर इन पांचों रिसोर्ट से वसूल किया जाना है। पांचो रिसोर्ट को भेजे गए नोटिसों के पत्रों में उल्लेख है कि ग्राम पंचायत टेकापार की बैठक द्वारा अर्थ वर्ष 2023-24 से कर निर्धारण करने का संकल्प पारित किया गया है। तथा उपरोक्त परिपेक्ष में कलेक्टर एवं मुद्रण पंजीयन द्वारा वर्ष 2020-2021 की प्रचलित गाइडलाइन के अनुसार मध्य प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 के द्वारा संपत्ति की लागत के अनुरूप कर मूल्यांकन करते हुए प्रतिवर्ष के लिए कर अधिरूपित किया गया है। जानकारी अनुसार यह राशि 34.5 लाख रुपए से अधिक होती है।

### पांच रिसोर्ट पर बकाया राशि

ग्राम पंचायत टेकापार द्वारा जारी पत्र क्रमांक 42 के अनुसार होटल पंचतत्व विला ग्राम पंचायत टेकापार वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक का 4,05,120 रुपये का टैक्स बकाया है। वहीं सतपुड़ा जंगल रिसोर्ट ग्रीन एस्केप को जारी पत्र क्रमांक 43 के अनुसार इन्हीं सत्रों में इस रिजॉर्ट पर 8,45,454 रुपये का संपति कर बकाया है। जबकि पत्र क्रमांक 44 के अनुसार देनवा बैक वाटर एस्केप पर उल्लेखित सत्रों का 13,57,500 रुपये कर बकाया है। पत्र क्रमांक 45 के अनुसार चीतल रिजॉर्ट्स पर 3,44,538 रुपये का कर बकाया है। वहीं बायसन लॉज मप्र टूरिज्म पर उल्लेखित सत्रों का 4,99,812 रुपये संपति कर बकाया है। इस तरह 34,52,424 रुपये का कर सभी पांचों रिसोर्ट्स पर बकाया है।



### भेजी नोटिस की प्रतियां

ग्राम पंचायत जनपद पंचायत सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार 16 मार्च 2026 को सभी इन पांचो रिसोर्ट के लिए कर जमा करने के सूचना पत्र ग्राम पंचायत टेकापार की सरपंच पूजा अहिरवार तथा सचिव मनसुख लाल धानक ने जारी किए हैं। तथा ये सभी नोटिस मंगलवार 17 मार्च 2026 को डाक के माध्यम से रिसोर्ट्स संचालकों को भेजे गए हैं। इन सभी सूचना पत्रों की प्रतियां जिला पंचायत नर्मदापुरम सीईओ, सोहागपुर एसडीएम तथा सोहागपुर जनपद पंचायत सीईओ को भी प्रेषित की गई हैं।

### भ्रमण में लगी जानकारी

हरिभूमि संवाददाता ने मंगलवार दोपहर सोहागपुर जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रबल अरजारिया से चर्चा की। अरजरिया ने बताया कि गत दिनों वे ग्रापं टेकापार के भ्रमण एवं निरीक्षण पर गए थे। जहां उन्हें ज्ञात हुआ कि कई रिसोर्ट बने हुए हैं, जिनके द्वारा ग्राम पंचायत को प्राप्त अधिकारों के अनुसार कर नहीं चुकाए जाते हैं। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया था कि करों का आंकलन करें और संबंधित रिसोर्ट्स को नोटिस दिए जाएं। रिसोर्ट द्वारा कर ना चुकाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश भी प्रबल अरजरिया ने ग्राम पंचायत सचिव को दिए थे। इसके बाद ही नोटिस दिये गए हैं।

### राशि जमाकर रसीद प्राप्त करें

ग्राम पंचायत टेकापार द्वारा जारी सभी सूचना पत्रों में ग्राम पंचायत की ओर से उल्लेख किया गया है कि मध्य प्रदेश पंचायत राज अधिनियम के अनुसार संबंधित रिसोर्ट संचालकों ग्राम पंचायत के अंतर्गत निर्मित संपत्ति के कर की बकाया राशि ग्राम पंचायत के बैंक खाते में जमाकर रसीद प्राप्त करें। पत्रों में संबंधित बैंक तथा खाता क्रमांक का भी उल्लेख किया गया है। साथ ही यह उल्लेख भी किया गया है कि किसी रिसोर्ट संचालक को कोई जानकारी प्राप्त करना हो तो वे ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। तथा करारोपण से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन भी कर सकते हैं।

### होगी कार्रवाई

संपत्ति कर ना चुकाने वाले रिसोर्ट्स को ग्राम पंचायत टेकापार ने नोटिस दिये हैं। कर ना चुकाने पर जिला पंचायत स्तर से कार्रवाई करवाई जाएगी।

**प्रबल अरजरिया**, प्रभारी सीईओ, जपं सोहागपुर

## खबर संक्षेप

### टवेरा से 75 लीटर अवैध शराब जब्त, 3 गिरफ्तार

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के मीनाक्षी चौक पर मंगलवार तड़के पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध टवेरा वाहन से 75 लीटर अवैध शराब जब्त कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया। एसआई महेश जाट की टीम ने वाहन की तलाशी में 6 पेटियों में 24 केन बियर व देशी शराब बरामद की। आरोपियों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। जब्त शराब की कीमत करीब 27 हजार रुपए और वाहन की कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई गई है। तीनों आरोपी सांगाखेड़ा से शराब ला रहे थे। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### अमानक पॉलीथिन पर नपा ने की कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** नगर में प्रतिबंधित अमानक पॉलिथिन के उपयोग पर नगरपालिका सख्ती बरत रही है। सोमवार देर शाम करीब 10 ठेले वालों पर कार्रवाई करते हुए 1100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। प्रभारी अधिकारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर पहले लोगों को समझाइश दी जा रही है और पॉलिथीन से होने वाले पर्यावरण व स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी दी जा रही है। इसके बावजूद नियम न मानने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। नगर के सभी विक्रेताओं से पॉलिथीन का उपयोग बंद करने की अपील की गई है।

## खकार जांच से टीबी की सटीक पहचान, मुफ्त होता है इलाज

# खतरे से सावधान: खांसी को हल्के में न लें समय पर जांच से रोकी जा सकती है टीबी

जिले में खांसी की समस्या आम होती जा रही है, लेकिन कई लोग इसे साधारण सर्दी-ज़ुकाम समझ कर नजरअंदाज कर देते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अगर खांसी एक हफ्ते से ज्यादा बनी रहे तो तुरंत खकार जांच कराएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

आज के समय में प्रदूषण, धूल और बीड़ी-सिगरेट जैसी आदतों के कारण लोगों में खांसी की समस्या आम हो गई है। कई लोग खांसी को साधारण सर्दी-जुकाम समझकर नजरअंदाज कर देते हैं और बिना जांच कराए सिर्फ दवाइयों या सीरप का सहारा लेते रहते हैं। लेकिन यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर बीमारी टीबी का कारण बन सकती है। डॉक्टरों के अनुसार अगर किसी व्यक्ति को एक हफ्ते से ज्यादा समय तक खांसी बनी रहती है, तो उसे तुरंत खखार की जांच करानी चाहिए। यह जांच बीमारी की सही पहचान करने का सबसे आसान तरीका है। जांच न कराने से बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती जाती है और संक्रमित व्यक्ति अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसकी चपेट में ले सकता है। टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है।




### मशीनों से मिलती है जानकारी

सरकार द्वारा जिले में 8 स्थानों पर सीबी नॉट मशीन लगाई गई है, जो टीबी की सटीक और तेज जांच करती है। यह मशीन नर्मदापुरम, माखननगर, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी और सिवनी मालवा सहित 8 सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है।सरकारी अस्पतालों में यह जांच मुफ्त होती है जबकि निजी अस्पतालों में यही जांच लगभग 4000 रुपये तक पड़ सकती है। टीबी का इलाज लगभग 6 महीने तक चलता है। मरीजों को सरकार द्वारा 1000 रुपये प्रतिमाह पोषण सहायता दी जाती है। सभी मरीजों की जानकारी नी-क्षय पोटर्ल पर दर्ज की जाती है। इसके बावजूद कई लोग जांच कराने से बचते हैं या इलाज बीच में ही छोड़ देते हैं, जिससे बीमारी दोबारा बढ़ जाती है और दूसरों में फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाती है, जिससे उनकी निगरानी की जाती है, लेकिन निजी अस्पतालों में यह व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं हो पाती।

### 2553 मरीज जिले में टीबी के मिले थे

जिले में 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक कुल 2553 टीबी के मरीज मिले हैं। जिसमें एनडीआर टीबी के 65 मरीज शामिल थे। यह आंकड़ा गत वर्ष की अपेक्षा 60 मरीज अधिक है। इसके पीछे कारण यह है कि पिछले 8 माह से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत घर घर जाकर जागरूकता अभियान, एक्स-रे, खकार की जांच की जा रही है। जिससे मरीज बढ़ रहे हैं लेकिन उनमें सुधार भी हो रहा है।

### विशेषज्ञ क्या कहते हैं

समय पर जांच और पूरा इलाज करने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। मरीजों की पहचान और उपचार लगातार बढ़ाया जा रहा है।

**डॉ. संजय पुरोहित**, जिला क्षय अधिकारी

### टीबी के लक्षण पहचानें

- लगातार खांसी आना, हल्का बुखार रहना, तेजी से वज़न कम होना, कमजोरी और थकान महसूस होना।
- टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो हवा के जरिए फैलती है। इसलिए इससे बचाव के लिए सावधानी जरूरी है।
- लगातार खांसी आने पर खखार की जांच कराना बेहद जरूरी है। यह जांच बीमारी की सही पहचान करती है। जांच न कराने से संक्रमित व्यक्ति न सिर्फ खुद बीमार होता है बल्कि आसपास के लोगों में भी संक्रमण फैलाता है।

### बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है

- खांसी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- मास्क का उपयोग करें, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें।
- पौष्टिक भोजन लें और इम्यूनिटी मजबूत रखें, डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाइयां पूरा कोर्स करें
- टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है।

# जयदीप भाट की हत्या के 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

न्यास कॉलोनी क्षेत्र में हुए सनसनीखेज जयदीप भाट हत्याकांड के सभी चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की सक्रियता के चलते वारदात के महज एक घंटे के भीतर ही आरोपी गिरफ्त में आ गए थे, जिनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने की बात पर हुई थी हत्या

15 मार्च को झुग्गी-झोपड़ी न्यास कॉलोनी निवासी जसवंत भाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भांजे जयदीप भाट उर्फ बंटा (19 वर्ष) पर चार युवकों ने चाकू से हमला कर उसकी जान ले ली है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि विवाद की शुरुआत ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने जैसी सामान्य सी बात को लेकर हुई थी। मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि आरोपियों ने धारदार चाकू से हमला कर जयदीप की हत्या कर दी।

### घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के निर्देशन एवं एसडीओपी इटारसी के




मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और वारदात में शामिल मनोज राजपूत (22 वर्ष), अंशु भाट (19 वर्ष), संदेश भाट (18 वर्ष 4 माह) और नमन भाट (18 वर्ष 2 माह) को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का खटकेदार चाकू जब्त कर साक्ष्य एकत्र किए। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस त्वरित सफलता को सुनिश्चित करने में निरीक्षक गौरव सिंह बुन्देला, उपनिरीक्षक प्रवीण यादव, केएन रजक, सउनि जनकलाल पवार, प्रधान आरक्षक संदीप अजनेरिया, अरुण झरवड़े, आरक्षक चालक राजेश पवार, टिल्लू उइके और महेंद्र गुर्जर ने महत्वपूर्ण कार्य किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर दो प्रकरण किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

एसडीएम प्रियंका भल्लावी तथा तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने मंगलवार दोपहर सेमरी हरचंद में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। मामले में मंगलवार की शाम को ई-गवर्नेंस सोहागपुर द्वारा प्रेस नोट जारी किया गया है। जिसके अनुसार 17 मार्च 2026 को एसडीएम प्रियंका भल्लावी के नेतृत्व में ग्राम सेमरी हरचंद तहसील सोहागपुर में निरीक्षण किया गया है। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक रूप से उपयोग किए जाने पर दो प्रकरण दर्ज किये गए हैं। मामले में प्रेम नारायण कुशवाहा द्वारा एचपी गैस के घरेलू



सिलेंडर का एवं रजनी कुशवाहा द्वारा भारत गैस के घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक रूप से किया जा रहा था। एसडीएम एवं तहसीलदार सोहागपुर की उपस्थिति में मौका पंचनामा तैयार कर सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई है। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि समूचे ब्लॉक में जांच तथा कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क चौड़ीकरण के कारण बिजली कटौती से नगरवासी हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखन नगर


नगरवासियों को सड़क चौड़ीकरण के कार्य के चलते बार-बार बिजली कटौती से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख पिपरिया-नर्मदापुरम मार्ग पर लगभग दो साल पहले सड़क निर्माण का भूमि पूजन हुआ था, जिसकी कुल लागत लगभग 5 करोड़ रूपए बताई गई थी। इसके बावजूद सड़क निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल पा रहा है।लाइन शिफ्टिंग और सड़क चौड़ीकरण के लिए नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक नगरवासियों को दस बार चार-चार घंटे की बिजली कटौती सहनी पड़ी है। गर्मी के मौसम में रविवार को भी चार घंटे बिजली बंद रखी गई थी और अब बुधवार को फिर से नगरवासियों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। नगरवासियों का कहना है कि बार-बार बिजली बंद करने की बजाय एक ही दिन में पूरी बिजली बंद करके सभी पोल और लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया जाए। उनका कहना है कि इस कार्य में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और ठेकेदार के बीच तालमेल न होने के कारण परेशानी बढ़ रही है।इस मार्ग से प्रतिदिन कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क निर्माण और बिजली कटौती के कारण किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। विद्युत विभाग के एई संजय सिन्हा ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि अपना कार्य आज ही पूरा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अब गर्मी बढ़ने पर नागरिकों की परेशानी को देखते हुए आगे से अतिरिक्त परमिट नहीं दिए जाएंगे।

### सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**माखननगर।** भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव की रूपरेखा एवं तैयारी के संबंध में सर्व ब्राह्मण समाज ब्लॉक माखन नगर की एक आवश्यक बैठक का आयोजन 18 मार्च बुधवार को परशुराम भवन में रखा गया है, जिसमें सभी विप्र जन सादर आमंत्रित हैं। विप्रजन बैठक में अपनी महतीय उपस्थिति प्रदान कर आवश्यक सुझावों से अवगत कराए। जिससे कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा सके सर्व ब्राह्मण समाज नगर एवं ब्लॉक युवा मडल एवं महिला मंडल सभी से बैठक में आवश्यक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है।

# युवाओं का ग्राम पंचायत ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा के युवा सूरज राजपूत अग्निवीर, संजय निमोद व अनिल गौर का मप्र पुलिस में चयन होने पर ग्राम आगमन पर खेड़ापति मंदिर प्रांगण में ग्राम वासियों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया युवाओं का मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लालचंद यादव एवं सरपंच किरण राजेश दुबे ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच किरण राजेश दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा ग्राम के विद्यार्थी दसवीं एवं 12वीं में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं एवं जो युवा खेल प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं उन्हें ग्राम पंचायत की ओर से 25000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में उपसरपंच नरेश निमोदा, नारायण सिंह राजपूत, जीवन लाल यादव, शिवराज सिंह, शुभम दुबे, अरविंद गुरुजी सहित अनेक ग्रामवासी शामिल हुए।

## सिंधी संस्कृति और जड़ों से परिचित कराने का एक माध्यम

# सिंधी स्वाद और सांस्कृतिक रंगों का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर की फिजाओं में इन दिनों सिंधी संस्कृति के सतरंगी रंग घुलने लगे हैं। आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव 'चैती चांद' के पावन उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा आयोजित महोत्सव का शानदार शुभारंभ 'सिंधी मेला' के साथ हुआ। फ्रेन्ड्स स्कूल का मैदान इस उत्सव का साक्षी बना, जहां परंपराओं का सम्मान और आधुनिकता का उत्साह एक साथ नजर आया।

### दीप प्रज्वलन से उत्सव का श्रीगणेश

सांस्कृतिक शाम का आगाज एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन की कमान पूज्य पंचायत सिंधी समाज और भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा के हाथों में रही। अतिथियों ने समाज के इस एकजुट प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को जीवंत रखते हैं।

### सिंधी जायके और बचपन की किलकारियां

मेले का सबसे बड़ा आकर्षण 'फूड जोन' रहा, जहां सिंधी व्यंजनों की सौंधी खुशबू ने हर किसी को अपनी ओर खींचा। कढ़ी चावल, बेसन की डोडा टिक्की, छोले पकवान जैसे पारंपरिक स्वादों के साथ-साथ आधुनिक व्यंजनों वेज बिरयानी, मैगी, स्वीट कॉर्न, छोले भटूरे, ब्राऊनी चौकोलवा, आइसक्रीम, पिज्जा, मसाला कुकुंबर, माजून, फुल्की, भेल, सोडा, पावभाजी के स्टॉल्स पर जायके के शौकीनों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां एक ओर बच्चों ने झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया, वहीं लकी ड्रा के रोमांच ने बड़ों का उत्साह भी दोगुना कर दिया।



### नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का सेतु

पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश नवलानी ने बड़े ही मार्मिक भाव से कहा, 'यह मेला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली सिंधी कल्चर और जड़ों से परिचित कराने का एक माध्यम है।' भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की अध्यक्ष पूनम चेलानी और प्रिया नंदवानी एवं उनकी टीम ने बताया कि इटारसी के कोने-कोने से सिंधी परिवारों ने इसमें शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया है।

### इटारसी को मिली बड़ी सौगात, सिविल अस्पताल में पदस्थ हुए नए मेडिकल स्पेशलिस्ट

**इटारसी।** नर्मदापुरम जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करने की दिशा में शासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मध्य प्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश स्तर पर मेडिकल स्पेशलिस्टों की नियुक्ति सूची जारी की है, जिसमें इटारसी के सिविल अस्पताल को भी एक नया विशेषज्ञ चिकित्सक मिला है। भोपाल मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित उम्मीदवारों में से डॉ. सिमरनजीत सिंह गंभीर को इटारसी सिविल अस्पताल में मेडिकल स्पेशलिस्ट (प्रथम श्रेणी) के पद पर पदस्थ किया है। डॉ. गंभीर की इस नियुक्ति से शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ बेहतर ढंग से मिल सकेगा। राज्य शासन ने इन नियुक्तियों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर प्रभावी किया है। जारी आदेश के तहत नवनियुक्त चिकित्सकों को मध्य प्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के पे-मैट्रिक्स लेवल 13 के अनुसार वेतनमान देय होगा। इटारसी का सिविल अस्पताल रेल जंक्शन और मुख्य मार्ग पर होने के कारण मरीजों के दबाव वाला केंद्र रहता है। लंबे समय से यहां विशेषज्ञों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। डॉ. सिमरनजीत सिंह गंभीर की पदस्थापना के बाद अस्पताल की विशेषज्ञ सेवाओं में विस्तार होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों या अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

# प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया


विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन 16-17 मार्च, 2026 को हुआ। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, खापरखेड़ा मंडल अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सुलभ गोदानी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पहले दिन संगठन उर्जा और राष्ट्रीय सेवा के संकल्प पर जोर दिया गया। दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में दीपक अग्रवाल, सुरेश कुमार, संदेश पुरोहित, नीरज जैन, ठाकुरदास नागवंशी, निखलेश चतुर्वेदी ने उद्बोधन दिए। समापन समारोह में नमो एप और संगठन सुदृढ़ीकरण पर चर्चा हुई। सभी मंडलों ने कार्यक्रम की सराहना और आभार व्यक्त किया।

विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज हरदा में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में होंगे शामिल

- लगभग 3248.71 लाख रुपए के विकास कार्यों का होगा भूमि पूजन
- लगभग 19979.97 लाख रुपए के 36 विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कृषि आधारित कौशल विकास एवं कस्टम हायरिंग पर केन्द्रित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों का लोकार्पण व नये विकास कार्यों का भूमि पूजन भी करेंगे। प्रदेश के पूर्व मंत्री कमल पटेल ने बताया कि इस दौरान लगभग 3248.71 लाख रूपये की लागत के 5 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। साथ ही लगभग 19979.97 लाख रूपये के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान सम्मेलन में विकासखण्ड टिमरनी में 253 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन 33/11 के.व्ही. आलमपुर उपकेन्द्र क्षमता 5 एम.व्ही.ए., विकासखण्ड हरदा अंतर्गत 37.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले ग्राम पंचायत कोलीपुरा व 37.50 लाख रूपये से ग्राम पंचायत नीमगांव के नवीन पंचायत भवन, हरदा/खिरकिया विकासखण्ड अंतर्गत लगभग 1420.75 लाख रूपये की लागत से बनने वाले मसनगांव से कमताड़ा सिराली मार्ग में माचक नदी पर पुल एवं पहुँच मार्ग के निर्माण तथा खिरकिया में 1499.96 लाख रूपये की लागत से बनने वाले शासकीय महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान सम्मेलन में लगभग 19979.97 लाख रूपये की लागत से जिले में निर्मित 36 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें प्रमुख 3095 लाख रूपये की लागत से निर्मित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करताना, 306.80 लाख रूपये की लागत से निर्मित ग्राम चन्द्रखाल में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, 3649 लाख रूपये की लागत से निर्मित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अबगांवकला, 3990 लाख रूपये की लागत से निर्मित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया, 3363 लाख रूपये की लागत से निर्मित जिला चिकित्सालय हरदा का सौ बिस्तरीय से 200 बिस्तरीय में उन्नयन कार्य एवं क्रिटीकल केयर हॉस्पिटल ब्लाक निर्माण, 306.80 लाख रूपये से निर्मित ग्राम मगरधा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन शामिल हैं।

### विकास के पथ पर हरदा

नगरपालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया का कहना है कि एक जनप्रतिनिधि के तौर पर कमल पटेल का कार्यकाल हरदा क्षेत्र के चौतरफा विकास की कहानी कहता है। उन्होंने केवल राजनीति नहीं की, बल्कि विकास को अपना ध्येय बनाया। हरदा को जिला बनवाने में उनके अभूतपूर्व योगदान को कौन भुला सकता है। समूचे जिले में सड़कों के जाल बिछाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर हुई और आम जनता का जीवन सुगम बना। क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता और सिंचाई के लिए नहरों के निर्माण पर उनका विशेष ध्यान रहा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई और किसानों को सीधा लाभ मिला।खासकर खिरकिया क्षेत्र में, जो 1993 से पहले असिंचित क्षेत्र था, उनके प्रयासों से खिरकिया क्षेत्र में माचक नहर आई, वहीं अनेक छोटे बड़े डेम बनवाकर उन्होंने समूचे जिले को शत प्रतिशत सिंचित जिला कर दिया।

भाई ने लगाया हत्या का आरोप

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में बीती रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से 35 वर्षीय राहुल मालवीय की मौत हो गई, जिसके बाद मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सोहागपुर निवासी शिवम कानवा बीती रात गांव के पास एक खेत को ट्रैक्टर से बखर रहा था। इसी दौरान झाड़ियों और अंधेरे के बीच सो रहा 35 वर्षीय राहुल मालवीय ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। हादसे में घायल राहुल को शिवम और उसके परिजन शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद राहुल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे इंदौर रेफर किया गया था। हरदा से इंदौर के लिए निकलने के बाद रास्ते में ही राहुल ने दम तोड़ दिया।

ट्रैक्टर चला रहे शिवम कानवा का कहना है कि मृतक नशे की हालत में झाड़ियों के बीच सो रहा था। शिवम के अनुसार, रात का समय और अंधेरा होने के कारण उसे वहां सो रहा राहुल दिखाई नहीं दिया। चालक का कहना है कि अंधेरे की वजह से धोखे से ट्रैक्टर राहुल के ऊपर चढ़ गया था। मृतक के छोटे भाई रोहित मालवीय ने बताया कि राहुल दो भाइयों में बड़ा था और उसकी दो मासूम बेटियां हैं। रोहित ने आरोप लगाया है कि उनके भाई राहुल पर जानबूझकर ट्रैक्टर चढ़ाया गया है। रोहित ने बताया कि दो-तीन दिन पहले खेत मालिक राहुल से हिसाब करने की बात कर रहे थे। मृतक ने अपनी दादी को बताया था कि खेत मालिक ने उसे एक हजार रुपए एडवांस देकर वापस काम पर बुलाया है। हालांकि, रोहित ने ट्रैक्टर चलाने वाले व्यक्ति या उसके परिवार से किसी तरह की पुरानी दुश्मनी या विवाद से इनकार किया है। मृतक के भाई रोहित मालवीय ने पुलिस प्रशासन से इस हादसे की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान ले लिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की विस्तृत जांच के बाद ही आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों से संवाद कर अग्निवीर भर्ती के लिए किया प्रेरित



**हरदा।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल की ओर से सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। मंगलवार को आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस भोपाल से एस मेजर जोगिंदर सिंह एवं एनसीओ ध्रुव कुमार विश्वकर्मा ने जिले के महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा एवं शासकीय आदर्श महाविद्यालय हरदा का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्र- छात्राओं को अग्निवीर के रूप में सेना में अपनी सेवाएं देने के लिये प्रेरित किया एवं आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। इस दौरान महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जे.पी. प्रजापति, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एस.के. यादव, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी भारती चंदेल, जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## सूर्य उपासना कार्यक्रम कल

**हरदा।** विक्रमोत्सव 2026 के तहत भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारम्भ अवसर पर गुड़ी पड़वा 19 मार्च को सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों सहित प्रातः 9:30 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

## जल महोत्सव गांव का उत्सव के तहत ग्राम नयापुरा में कार्यक्रम संपन्न




**हरदा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव गांव का उत्सव, देश का महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस तहसील हरदा के ग्राम नयापुरा में जल महोत्सव गांव का उत्सव देश का महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एफ.टी.के. के माध्यम से ग्रामीणों को जल परीक्षण व पानी के महत्व के विषय में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, पम्प आपरेटर व जल गुणवत्ता परीक्षण महिलाओं का सम्मान शील्ड व प्रमाण पत्र देकर किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सलाहकार हरदा मोनिका बघेल, विकासखण्ड समन्वयक संगीता भिलाला, ब्रजकिशोर साहू, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, सुशील मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई।